## संपादकीय

# फोनी का कहर

ओडिशा और आसपास के राज्य पिछले दो दशकों के सबसे खतरनाक चक्रवाती तूफान का सामना कर रहे हैं। फोनी नाम के इस तूफान ने भारत के पूर्वी राज्यों की नींद उड़ा रखी है। अभी तक तीन लोगों के मारे जाने, बहुत सारे पेड़ गिरने, बिजली के खंभे उखड़ने और काफी भीतर तक समुद्री पानी घुस जाने की सूचनाएं हैं। लेकिन अभी तो तूफान का झटका गुजर ही रहा है। नुकसान का वास्तविक आकलन करने में वक्त लगेगा। तूफान के बारे में समय से सूचना मिलने और उसके अनुरूप जरूरी तैयारी करने की अहमियत इस बात से समझी जा सकती है कि 1999 में आए पिछले जिस महाचक्रवात से फोनी की तुलना की जा रही है, उसमें 15 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। इस बार करीब 12 लाख लोगों को पहले ही प्रभावित इलाकों से हटाकर उन्हें चक्रवात के लिए खास तौर से बनाए गए 880 केंद्रों पर 4000 शिविरों में ठहराया गया है।

इसके बावजूद अभी नहीं कहा जा सकता कि यह तूफान कितनी तबाही मचाकर जाएगा। वजह यह कि शक्ति शाली समुद्री चक्रवात जिन तटीय इलाकों से गुजरते हैं, वहां काफी स्थायी किस्म के नुकसान भी करते हैं। बांग्लादेश की ओर से इसे 'फोनी' (सांप या सांप का फन) नाम यूं ही नहीं दिया गया है। चक्रवात जैसी विभीषिकाओं को साझा चुनौती की तरह लेने और उससे मिल-जुलकर निपटने की भावना के तहत ही इन तूफानों के नाम रखने की प्रक्रिया तय की गई है। इसके मुताबिक उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र में बनने वाले चक्रवाती तूफानों के लिए भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार, ओमान, पाकिस्तान और थाइलैंड- ये आठ देश क्षेत्रीय समिति को नाम भेजते हैं। हर देश को भविष्य में बनने वाले तूफानों के लिए आठ-आठ नाम भेजने होते हैं। फोनी नाम भी 64 नामों वाली इसी सूची से चुना गया है। बहरहाल, इन तूफानों से तत्काल होने वाले विनाश को काबू करने से ज्यादा बड़ी चुनौती आसपास के परिवेश, जमीन, नदी, तालाब, झील और जीव-जंतुओं को होने वाले दीर्घकालिक नुकसानों का अध्ययन करने की है। एक अन्य महत्वपूर्ण मोर्चा उन कारकों पर नजर रखने का है, जो इन तूफानों की आवृत्ति और इनकी ताकत बढ़ा रहे हैं। मानसून के बाद के तूफान सामान्य माने जाते हैं, लेकिन अप्रैल में ऐसे तूफान का बनना आम बात नहीं है। निश्चित रूप से यह एक जटिल प्रक्रिया है, लेकिन जानकारों के मुताबिक असमय तूफान जैसी विभीषिकाओं की आवृत्ति बढ़ने के पीछे ग्लोबल वार्मिंग की भी एक बड़ी भूमिका हो सकती है। किसी एक देश की सरकार यह तो सुनिश्चित कर सकती है कि तूफान आने पर अपने लोगों के जान-माल को ज्यादा नुकसान न होने दिया जाए, जलवायु में आ रही बीमारी से निपटने की चुनौती तो पूरी दुनिया को मिल-जुलकर ही स्वीकार करनी पड़ेगी। यह काम हम जितनी जल्दी कर पाएं, उतना ही बेहतर।

# मार्क जकरबर्ग ने डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में वॉट्सऐप पे से पेटीएम को धूल चटाने की ठानी?

**नई दिल्ली।** फेसबुक के सीईओ मार्क जकरबर्ग द्वारा भारत में वॉट्सऐप पे को लॉन्च करने के लिए जोरशोर से काम करने की 24 अप्रैल को की गई घोषणा से स्पष्ट हो गया है कि देश में डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में घमासान शुरू होने वाला है। जकरबर्ग की इस घोषणा ने सबसे ज्यादा खलबली इस क्षेत्र की दिग्गज पेटीएम में मचा रखी है। 2023 तक देश का डिजिटल पेमेंट उद्योग एक लाख करोड़ डॉलर का हो जाने की उम्मीद है।



ऐमजॉन पीयर-टु-पीयर ट्रांजैक्शन मार्केट में ऐंड्रॉयड कस्टमर्स के लिए ऐमजॉन पे यूपीआई लॉन्च करने की घोषणा कर चुकी है। गूगल पे ने इस क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को मजबूती दी है, जिसके 4.5 करोड़ कस्टमर्स हैं और मार्च में रेकॉर्ड 81 अरब ट्रांजैक्शंस को अंजाम दिया है। एप्पल पे भी बाजार में कदम रख चुकी है और अपने फोन की कीमतों में कमी लाकर यह अपना दायरा अधिक से अधिक लोगों तक बढ़ाने की तैयारी में है।

### सबसे बड़ा गेमचेंजर होगी वॉट्सऐप

वॉट्सऐप पे हालांकि इस क्षेत्र का सबसे बड़ा गेमचेंजर बनने जा रही है, जिसका बेहद आसान सा कारण यह है कि इसमें डिजिटल पेमेंट्स क्षेत्र का शीर्ष खिलाड़ी बनने की अपार क्षमता है। वॉट्सऐप के पास वर्तमान में 30 करोड़ यूजर हैं (फेसबुक के पास देश में अलग से 30 करोड़ यूजर हैं) और जैसे ही यह पीयर-टू-पीयर यूपीआई आधारित पेमेंट्स सर्विस शुरू करेगी, यह अपने ग्राहकों की संख्या के मामले में इस क्षेत्र की दिग्गज पेटीएम को पछाड़ देगी। पेटीएम के पास वर्तमान में 23 करोड़ यूजर हैं।

### उद्यमी भी कर सकते हैं इसका इस्तेमाल

इंडस्ट्री इंटेलिजेंस ग्रुप, सीएमआर के हेड प्रभु राम ने कहा, भारतीयों को वॉट्सऐप से बेहद लगाव है और वे इसके जरिये सुविधाजनक ट्रांजैक्शंस को भी पसंद करेंगे। मुझे उम्मीद है कि एक ट्रेंड आएगा, जिसमें उद्यमी और स्मॉल ऐंड मीडियम एंटरप्राइजेज वॉट्सऐप पे का इस्तेमाल शुरू कर देंगे।

### पेटीएम के सीईओ ने फेसबुक को लिया आड़े हाथ

पेटीएम के फाउंडर एवं सीईओ विजय शेखर शर्मा इस बात से वाकिफ हैं कि आने वाले समय में उन्हें भयानक वैश्विक प्रतिस्पर्धा से गुजरना होगा। शर्मा ने पिछले साल वॉट्सऐप की पैरंट कंपनी फेसबुक पर ट्वीट कर वार भी किया था। शर्मा ने ट्वीट में कहा, फ्री बेसिक्स के सस्ते ट्रिक्स से भारत के ओपन इंटरनेट के खिलाफ लड़ाई हारने के बाद फेसबुक एक बार फिर दांव आजमाने वाली है। वहीं वॉट्सऐप के मुताबिक, लगभग 10 लाख लोग आसान और सुरक्षित तरीके से एक दूसरे को पैसे भेजने के लिए वॉट्सऐप पे को आजमा चुके हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार एक साल के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई (आरएनएस)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 4.37 अरब डॉलर बढ़कर लगभग एक सप्ताह के उच्चतम स्तर 418.94 अरब डॉलर पर पहुँच गया। यह विदेशी मुद्रा भंडार का 04 मई 2018 के बाद का उच्चतम स्तर है। इसमें पिछले 11 में 10 सप्ताह बढ़त दर्ज की गयी है। इससे पहले 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 73.92 करोड़ डॉलर घटकर 414.15 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आँकड़ों के अनुसार, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.39 अरब डॉलर बढ़कर 390.42 अरब डॉलर पर पहुँच गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार 23.30 अरब डॉलर पर स्थिर रहा। आलोच्य सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.36 करोड़ डॉलर घटकर 3.34 अरब डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 59 लाख डॉलर की गिरावट के साथ 1.45 अरब डॉलर रह गया।

## कंपनियों के परिणाम, तेल और वैश्विक बाजार से तय होगी बाजार की चाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में आम चुनाव के लिये हो रहे चरणबद्ध मतदान के साथ ही कंपनियों की वर्ष 2018-19 की अंतिम तिमाही के वित्तीय परिणाम, कच्चे तेल में उतार चढ़ाव के साथ ही वैश्विक बाजार में रूख से अगले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत यानी 104.07 अंक की गिरावट में 38,963.26 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 42.40 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट में 11,712.25 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियां की अपेक्षा छोटी और मंझोली कंपनियों को बिकवाली का अधिक दबाव झेलना पड़ा।



बीएसई का मिडकैप 280.64 अंक यानी 1.86 प्रतिशत की गिरावट में 14,783.35 अंक पर और स्मॉलकैप 1.79 प्रतिशत यानी 265.23 अंक की गिरावट में 14,548.15 अंक पर बंद हुआ। बाजार अध्ययन करने वाली कंपनी कैपिटलऐम के शोध प्रमुख मनीष यादव और एपिक रिसर्च के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुस्तफा नदीम ने बीते सप्ताह शेयर बाजार में रही गिरावट का उल्लेख करते हुये कहा कि अगले सप्ताह भी बाजार में भारी उथल पुथल की उम्मीद नहीं की जा रही है लेकिन आम चुनाव के लिए जारी चरणबद्ध मतदान के बीच में सट्टा बाजार में सरकार को लेकर लगायी जा रही अटकलों का बाजार पर असर दिख रहा है।

## आम्रपाली के बायर्स में जगी उम्मीद, 11 हजार करोड़ जुटाकर पूरे हो सकते हैं सभी अधूरे प्रॉजेक्ट्स

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी आम्रपाली ग्रुप की धोखाधड़ी में फंसे निवेशकों में आशा की नई किरण जगी है। मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त फरेंसिक ऑडिटरों ने न्यायालय से कहा है कि विभिन्न स्रोतों से लगभग 11 हजार करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं, जो परियोजनाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त से अधिक है।



एनबीसीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, तमाम हाउजिंग प्रॉजेक्ट को पूरा करने में 8,500 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में फंसे 46,575 फ्लैटों का निर्माण करने का जिम्मा एनबीबीसी को दिया है।

ऑडिटर पवन कुमार अग्रवाल तथा रवि भाटिया ने कोर्ट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मकान के खरीदारों सहित विभिन्न लोगों से 11,524 करोड़ रुपये जुटाए जा सकते हैं। कई बायर्स ने फ्लैट के पूरे पैसे जमा नहीं कराए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप ने 5,856 फ्लैट कम कीमतों में बेचे हैं और ऐसे खरीदारों से 321 करोड़ रुपये से अधिक रकम जुटाई जा सकती है।

46 पंजीकृत कंपनियों, आम्रपाली समूह की मुखौटा कंपनियों और इसके निदेशकों के बैंक खातों की फरेंसिक ऑडिट के बाद कोर्ट में रिपोर्ट पेश करने वाले ऑडिटरों ने कहा है कि प्रमोटर्स और डायरेक्टरों ने पैसों का इस्तेमाल निजी जरूरतों को पूरा करने के लिए किया और यह रकम (लगभग 455.91 करोड़ रुपये) भी उनसे वसूली जा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, आम्रपाली के सीएमडी अनिल कुमार शर्मा तथा अन्य चार निदेशकों- शिव प्रिया, अजय कुमार, सुभाष चंद्र कुमार तथा अमरेश कुमार ने कंपनी से 67.13 करोड़ रुपये प्रफेशनल फीस के रूप में लिए, जिसके वे हकदार नहीं थे।

## एनसीएलटी प्रमुख को 180 दिनों में आईबीसी समाधान पूरे होने की उम्मीद

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एम.एम. कुमार ने शनिवार को कहा कि आईबीसी की प्रक्रिया पूरी होने में जहां अभी औसतन 300 दिन लगते हैं, वहीं आने वाले समय में यह प्रक्रिया 180 दिनों में पूरी होगी। उन्होंने बताया कि सरकार ने एनसीएलटी में 32 नए सदस्य नियुक्त करने का फैसला किया है, जिससे समाधान प्रक्रिया में तेजी आएगी। एसोचैम के एक कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति एम.एम. कुमार ने कहा, अब हमारी क्षमता बढ़ गई है, जिससे हम मौजूदा 300 दिनों की जगह 180 दिनों में प्रक्रिया (आईबीसी) पूरी करने में सक्षम होंगे। नियुक्ति संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (एसीसी) ने एनसीएलटी में 32 सदस्यों -14 न्यायिक और 18 तकनीकी- की नियुक्ति को शुक्रवार रात मंजूरी प्रदान की। उनकी नियुक्ति तीन साल की अवधि के लिए या 65 साल की उम्र होने तक के लिए, जो पहले पूरी हो, की जाएगी। न्यायमूर्ति कुमार ने कहा कि इस नियुक्ति से दिवालिया व शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की प्रक्रिया में तेजी आएगी और मामलों का जल्द समाधान किया जाएगा।



## आईपीएल-12 : बेंगलोर ने जीत के साथ किया अंत, हैदराबाद की मुश्किलें बढ़ीं

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें सीजन का आगाज हार के साथ करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने लीग का अंत जरूर जीत के साथ किया। बेंगलोर ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए अपने आखिरी मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हरा दिया। इस हार ने हैदराबाद की प्लेऑफ में जाने की स्थिति को और मुश्किल कर दिया। हैदराबाद ने अपने कप्तान केन विलियम्सन (नाबाद 70) की टिकाऊ पारी के दम पर बेंगलोर के सामने 176 रनों का मजबूत लक्ष्य रखा जिसे मेजबान टीम ने चार गेंद शेष रहते हासिल कर लिया है। यह हैदराबाद का भी लीग दौर का आखिरी मैच था। उसके 14 मैचों में छह जीत



और आठ हार के साथ 12 अंक हैं। अब प्लेऑफ में जाने के लिए हैदराबाद को कोलकाता नाइट राइडर्स की हार की दुआ करनी होगी।

बेंगलोर की इस विजयी विदाई की हीरो शिमरेन हेटमायेर और गुरकीरत सिंह रहे। इन दोनों ने टीम को बेहद खराब स्थिति में बाहर निकालते हुए चौथे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी की। हेटमायेर ने 47 गेंदों पर चार चौके और आठ छक्कों की मदद से 75 रन बनाए। गुरकीरत ने 48 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्के की मदद से 65 रन बनाए।

## भारत और इंग्लैंड विश्व कप के प्रबल दावेदार : युवराज



**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने आगामी विश्व कप में भारत और मेजबान इंग्लैंड को खिताब का प्रबल दावेदार बताया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे युवराज ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान यह बातें कहीं। युवराज ने कहा, मेरी पहली दो टीमें भारत और इंग्लैंड हैं। निश्चित रूप से डेविड वार्नर और स्टीवन स्मिथ के आने से आस्ट्रेलिया भी दावेदार है। वेस्टइंडीज भी मजबूत टीम दिख रही है। हालांकि अभी कुछ नहीं कह सकते हैं। मुझे लगता है कि भारत और इंग्लैंड पहली दो टीम होंगे और तीसरी टीम ऑस्ट्रेलिया होगी। युवराज ने भारतीय टीम के मध्यक्रम को लेकर कहा कि हार्दिक पांड्या के होने से टीम मजबूत दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि हार्दिक विश्व कप में अच्छा करेंगे।

## आज का राशिफल

<u>मेषः-</u> आज प्रातः- 9 बजकर 21 मिनट तक जन्म का उपरांत दूसरा चंद्रमा मध्यम फल कारक है। रोजी-रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। जारी प्रयास सार्थक होंगे।

<u>वृषभः-</u> राशि स्वामी शुक्र एकादश भाव में और चंद्रमा द्वादश भाव में होने के कारण व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

<u>मिथुनः-</u> दशम भाव में मीन राशि का शुक्र और द्वादश व्यय में चंद्रमा उत्तम फलकारक है। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा।

<u>कर्कः-</u> राशि चंद्रमा एकादश भाव में और राशि पर गुरु की पंचम स्थिति विजय विभूति कारक है। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी।

<u>सिंहः-</u> मंगल मृगशिरा नक्षत्र पर वृष राशि का नवम त्रिकोण कोष भाव में स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालेगा। जीविका की दिशा में सफलता मिलेगी।

<u>कन्याः-</u> आपकी जन्म राशि का स्वामी बुध सप्तम जाया भाव में विराजमान है। आपके शत्रु नतमस्तक होंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

<u>तुलाः-</u> राशि से सप्तम भाव में चंद्रमा बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने का संकेत है। रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। जारी प्रयास सार्थक होंगे।

<u>वृश्चिकः-</u> आपकी राशि का स्वामी मंगल मृगशिरा नक्षत्र में प्रविष्ट कर गया है। सप्तम प्रमुख केंद्र में चंद्रमा होने से व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा।

<u>धनुः-</u> राशि स्वामी गुरु यद्यपि मार्गी चल रहा है तो भी चतुर्थ में बुध व शुक्र के योग से शिक्षा प्रतियोगिता में आशातीत सफलता मिलेगी।

<u>मकरः-</u> सुख भाव स्वामी भोम मृगशिरा नक्षत्र पर प्रवेश कर गया है किंतु वृष राशि का होने के कारण दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा।

<u>कुंभः-</u> आपकी राशि का स्वामी शनि एकादश लाभ भाव में केतु से युक्त है। सूर्य शनि पिता पुत्र हैं। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे।

<u>मीनः-</u> आज आपकी राशि से उच्च घर में चंद्रमा विजय विभूति सफलता कारक है। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आय के नवीन स्रोत बनेंगे।

## बादाम गुलकंद की कुल्फी बनाने की विधि...



### सामग्रीः-

बादाम- 200 ग्राम
फुल फैट दूध - डेढ़ किलो
मावा -80 ग्राम
चीनी -70 ग्राम
थोड़ा सा केसर


### विधिः-

सबसे पहले भीगे हुए बादाम को छील लें फिर बादाम के 90त्न हिस्से का पेस्ट बना लें। पानी में गुलाब की पंखुड़ियों को साफ करके भिगोएं और फिर इन गुलाब की पत्तियों को गाढ़े होने तक चीनी में पकाएं।अब एक बर्तन लें जिसमें दूध को गर्म करें और गर्म दूध में केसर को डाल दें। दूध को कम आंच पर उबाले। फिर दूध में कसा हुआ मावा, बादाम का पेस्ट, चीनी और केसर के अर्क को मावा में घुलने तक पकाएं।अब इस मिश्रण को कुल्फी मोल्ड में डालें। पकी हुई गुलाब की पंखुड़ी, कटा हुआ बादाम इसमें डाले और फ्रीज में जमने के लिए रख दें। अच्छे से जमने के बाद सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-55

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्ढी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 54 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | ई | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दां | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू-55

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.54का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |